**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3105**
दिनांक 13, दिसम्बर 2024 को उत्तर के लिए

## खोया पाया पोर्टल

3105. **डॉ. कलानिधि वीरास्वामीः**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास पिछले पांच वर्षों के दौरान 'खोया पाया पोर्टल' पर दर्ज गुमशुदा बच्चों के मामलों की संख्या के बारे में कोई आंकड़े हैं;
(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान खोया पाया पोर्टल पर गुमशुदा बच्चों के सर्वाधिक मामलों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार के पास इस पोर्टल पर साझा की गई सूचना के कारण गुमशुदा बच्चों का पता लगाने या उन्हें उनके परिवारों से मिलाने के प्रतिशत के बारे में कोई आंकड़े हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (घ):** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का मिशन वात्सल्य पोर्टल 'ट्रैक चाइल्ड और खोया पाया' खंड के माध्यम से गुमशुदा बच्चों के संबंध में सूचना प्रदान करता है। 'ट्रैक चाइल्ड और खोया पाया' पर दी गई जानकारी के अनुसार पिछले पांच वर्षों के दौरान गुमशुदा और बरामद किए गए/पाए गए बच्चों की संख्या इस प्रकार है:

| वर्ष | गुमशुदा बच्चे | बरामद / पोर्टल के माध्यम से पाए गए बच्चे |
|---|---|---|
| 2019-20 | 48545 | 40816 |
| 2020-21 | 40285 | 34944 |
| 2021-22 | 51336 | 45948 |
| 2022-23 | 57204 | 50313 |
| 2023-24 | 59605 | 53455 |

*****